प्रज्ञागिरि में 19वां अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन सम्पन्न

विदेशों से पहुंचे धर्मगुरू

छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़, 8 फरवरी। प्रज्ञागिरि परिसर में 19वां अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन भक्तिमय वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम धम्मसेन नायक आर्य नागार्जुन सुरेई ससाई के नेतृत्व में रैली नगर भ्रमण के लिए निकाली गई। इसके पहले बौद्ध विहार में विधि विधान से तथागत भगवान गौतम बुद्ध की वंदना की गाथा हुई।

धम्म रैली कालकापारा, जयस्तभ चौक, टाकिज चौक, रैल्वे चौक, बुधवारी पारा, गोलबजार से लेकर संजय नगर, राजीव नगर होते हुए प्रज्ञागिरि पहुंची। जहां पर भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष बुद्ध वंदना की गाथा का वाचन देश-विदेश से आए भदंत-भंते के द्वारा किया गया। नीचे कार्यक्रम स्थल में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद देश-विदेश से आए भदंत-भंते ने बड़ी संख्या में उपस्थित बौद्ध उपासक-उपासिकाओं को संबोधित किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि धम्मसेन नायक आर्य नागार्जुन सुरेई ससाई ने बौद्ध उपासक-उपासिकाओं से कहा कि गौतम बुद्ध के बताए गए मार्ग का अनुशरण कर जीवन को सार्थक बनाए तथा जो उपदेश भगवान बुद्ध ने दिया है उसका भलिभांति पालन कर अपने जीवन में उतारें। वहीं भारत रत्न डॉ. बाबा साहब आम्बेडकर के बताए मार्ग का अनुसरण भी करें तथा समाज में संगठित होकर कार्य करें। संगठन को बढ़ावा अवश्य दें। इसके अलावा कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने संबोधित करते हुए एक स्वर में कहा कि जो सीख हमें डॉ. भीमराव आम्बेडकर ने दी है उसे अपने जीवन में उतारें। आज प्रज्ञागिरि का नाम भारत में ही नहीं अपितु विदेशों में भी गूंज रहा है।

कोडातराई हवाई पट्टी की लंबाई बढ़ाने निर्णय

अन्य सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी

छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 8 फरवरी। रायगढ़ जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूर स्थित कोडातराई हवाई पट्टी की तकदीर व तस्वीर दोनों संवरने वाली है। बीते कई सालों से यह हवाई पट्टी प्रशासन की अनदेखी के चलते अपना मूल स्वरूप खोते जा रही थी और यहां व्याप्त असुविधाओं के चलते छोटे से छोटे हेलीकाप्टर व विमान जिंदल हवाई पट्टी पर वीआईपी को लेकर उतरने और उड़ते रहे हैं।

इस निजी हवाई पट्टी के चलते कोड़ातराई हवाई पट्टी पर किसी का ध्यान नहीं जा रहा था पर लगातार औद्योगिक नक्शे में तेजी से उभर रहे रायगढ़ जिले में हवाई मार्ग की बढ़ती संभावनाओं को मद्देनजर रखते हुए प्रदेश शासन ने इस हवाई पट्टी की सुधि लेते हुए न केवल इसकी लंबाई बढ़ाने का निर्णय लिया बल्कि अन्य सुविधाओं से भी लैस करने क निर्णय लिया है। ज्ञात हो कि हाउसिंग बोर्ड ने कोड़ातराई के पास नया रायगढ़ बसाने के लिए प्रस्ताव पहले ही राज्य शासन को भेज दिया है। कोड़ातराई हवाई पट्टी पर देर से ही मगर सरकार की नजरें अब इनायत हो चुकी है। विमामन विभाग ने हवाई पट्टी को एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने की कार्य योजना को हरी झंडी देते हुए इसके लिये 19 करोड़ रूपए की राशि मंजूर की है।

औद्योगिक नगरी के रूप में अपन अलग पहचान बना चुका रायगढ़ विकास की नई गाथा लिख रहा है। औद्योगिक हब बनने के बाद कला एवं संस्कारधानी की तस्वीर निरंतर संवर रही है जिससे न सिर्फ सुविधाओं में इजाफा हो रहा है, बल्कि आम जनता को भी इससे काफी राहत मिल रही है। इसी क्रम में प्रस्ताव नए रायगढ़ का रूप लेने वाले कोड़ातराई में एयरपोर्ट के लिए राज्य शासन ने ठोस कदम उठाने के साथ 19 करोड़ रूपए की मंजूरी दी है। इस राशि से कोड़ातराई हवाई पट्टी की तस्वीर तो चमकेगी ही, साथ ही यात्रियों को वे सभी सुविधा मयस्सर होंगे जो अन्य शहरों में मुहैया होती है।

जानकारों की माने तो कोड़ाई हवाई पट्टी के रन वे की लंबाई को बढ़ाने के साथ टावर सिग्नल सिस्टम व अत्याधुनिक संसाधनों से इसे लैस किया जाएगा। नए एयरपोर्ट में वीआईपी लाउंज के साथ यात्रियों के सुविधा के लिए हर संसाधन मौजूद रहेंगे। वहां वेटिंग हाल तो बनेगा, साथ ही सुरक्षा के मद्देनजर चौक चौबंद व्यवस्था की जाएगी।

बताया जाता है कि विभाग एयरपोर्ट के लिए योजना तैयार कर चुका है और जल्द ही इसे अमलीजामा पहनाने की कवायद शुरू की जाएगी। यहां यह बताना लाजमी होगा कि राज्य शासन हमेशा से यहां विमान सेवा प्रारंभ प्रयासरत रही है। इसके पूर्व शासन द्वारा गत वर्ष हवाई सेवा आरंभ करने प्रयास किया गया था। किंतु कोड़ातराई हवाई पट्टी की जर्जर हालत व अन्य तकनीकी कमियों को इसे मूर्त रूप नहीं दिया जा सका था। अब राज्य शासन ने जिलेवासियों को सौगात के रूप में एयरपोर्ट के लिए 19 करोड रूपए मंजूर किए है। जिससे जल्द ही अब रायगढ़ हवाई सेवा से लैस होनें के साथ अन्य शहरों से जुड़ जाएगी और न सिर्फ खास बल्कि आम जनता भी इसका लाभ उठा सकेंगे।

खण्ड स्तरीय शिक्षाकर्मियों का सामूहिक त्यागपत्र

छत्तीसगढ़ संवाददाता

रामानुजनगर, 8 फरवरी। रामानुजनगर के कन्या हाईस्कूल प्रांगण में शिक्षाकर्मी संघ की विकास खण्ड स्तरीय बैठक आहूत कर प्रदेश तथा सरगुजा शिक्षाकर्मी संघ के नीति की निंदा करते हुए संघ के प्राथमिक सदस्यता से त्याग पत्र दे दिया है। बैठक में सरगुजा जिले के शिक्षाकर्मी संघ के पदाधिकारियों के संघ को अधोगति में पहुंचाने का जिम्मेदार भी ठहराया है।

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ शिक्षाकर्मी संघ की विकासखंड स्तरीय बैठक गत दिवस रामानुजनगर के कन्या हाईस्कूल प्रांगण में आहुत किया गया। जिसमें खंड स्तरीय शिक्षाकर्मियों ने सर्व सम्मति से सामूहिक त्याग पत्र देने का निर्णय लिया है। शिक्षाकर्मियों ने संजय शर्मा तथा प्रदेश कार्यकारिणी पर कायरना तरीके से आंदोलन वापस लेने की निंदा व आरोप भी लगाया है। सरगुजा संभाग के शिक्षाकर्मी संघ के पदाधिकारियों को विगत 5 वर्षों में संघ को अधोगति में पहुंचाने का जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि पूर्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश में सिर्फ एकल संगठन था किंतु संगठन के कुछ पदाधिकारियों ने स्वार्थ दलाली तथा राजनीति कर संगठन को एक जुटता व गरिमा पर तो दाग लगाया ही साथ ही संगठन में अलगाव कर संगठन को विभाजित किया और कई संगठनों को जन्म देने का कारण भी बने तथा निरीह शिक्षाकर्मियों के विश्वास के साथ घात भी किया है।

रामानुजनगर

बैठक में शिक्षाकर्मियों के आह्वान किया है कि अन्य जिलों की तरह सूरजपुर जिले के पांचों विकासखंड सूरजपुर, प्रतापपुर, रामानुजनगर, भैयाथान, प्रेमनगर, ओड़गी के शिक्षाकर्मियों को गंभीरता से अपने विश्वास नए सिरे से परिभाषित कर नई रणनीति पर विचार करने की आवश्यकता है। तथा शिक्षाकर्मी संघ की 10 सदस्यीय समिति गठन कर 15 फरवरी तक संपूर्ण विषय पर विचार तथा चर्चा करने के पश्चात अंतिम रिपोर्ट देंगे। जिसके बाद ही अग्रिम रणनीति एवं बैनर बदलने जैसे विषय पर निर्णय लिया जायेगा। शिक्षाकर्मी संघ के प्रवक्ता नरेश गुप्ता ने 10 सदस्यीय समिति की जानकारी देते हुए बताया कि समिति में चंद्रविजय सिंह, बिजेन्द्र साहू, मनोज साहू, बालसाय चक्रधारी, भगवान ठाकुर, हजारी चक्रधारी, मोनिष प्रताप, पिताम्बर साहू, शिवनारायण सिंह तथा विजय साहू है।

संघ के प्रवक्ता ने बताया कि शिक्षाकर्मी आर-पार की लड़ाई के लिए तैयार है संघ के गलत नीति व नियत की शिक्षाकर्मी पुरजोर विरोध करेगी और आने वाले समय में छत्तीसगढ़ शिक्षाकर्मी संघ को इसका खामियाजा भी उठाना पड़ेगा श्री गुप्ता ने बड़ी संख्या में शिक्षाकर्मियों के त्याग पत्र देने की जानकारी भी दी है।

वित्तीय साक्षरता अभियान प्रारंभ

मनेन्द्रगढ़, 8 फरवरी। सरगुजा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की शाखा झगराखाण्ड द्वारा मनेन्द्रगढ़ ब्लाक अंतर्गत ग्राम पाराडोल में वित्तीय साक्षरता अभियान प्रारंभ किया गया।

उक्त अभियान के तहत् ग्राम पाराडोल के सभी ग्रामवासियों को बचत खाता, स्वयं सहायता समूह, किसान क्रेडिट कार्ड, जनरल क्रेडिट कार्ड, स्वरोजगार क्रेडिट कार्ड बनाकर बैंक द्वारा सम्पूर्ण वित्तीय साक्षर ग्राम को बनाया जाएगा। ग्रामवासियों को माइक्रो बीमा का भी लाभ दिलाया जाएगा।

आयुष मेले में 488 मरीजों का उपचार

छत्तीसगढ़ संवाददाता

खरसिया, 8 फरवरी। खरसिया विकास खण्ड के आयुर्वेद ग्राम गोरपार में मंगलवार को नि:शुल्क आयुश स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। संचालक आयुष एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. अश्वनी कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर में आयुर्वेद, होम्योपैथ, एलोपैथ चिकित्सकों एवं दन्त चिकित्सक ने अपनी सेवाएं दी।

स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ जनपद सदस्य हेमसिंह राठिया के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत गोरपार की सरपंच श्रीमती भुवनबाई राठिया, विधायक प्रतिनिधि भूपेन्द्र वर्मा, हरिदास वैष्णव, श्रीमती जगमेन बाई राठिया एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी सुरेश कुमार राठिया विशेष रूप से उपस्थित थे। मेले में कुल 488 मरीजों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यकतानुसार दवाओं का वितरण भी नि:शुल्क किया गया। मेले में औषधि एवं जड़ी-बूटी संबंधित चित्र प्रदर्शनी भी लगाया गया जिसमें सभी औषधि के गुणों के बारे में बताया गया था जिसका शिविर में आये लोगों ने लाभ लिया। इसी प्रकार आयुर्वेद ग्राम के प्रचार-प्रसार संबंधित एक वार्षिक कैलेण्डर का विमोचन भी अतिथियों द्वारा किया गया। अंत में लोगों के बीच आयुवैदिक काढ़ा का वितरण भी किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि हेमसिंह राठिया ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुये कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा पद्यति विश्वसनीय है। मैं हमेशा आयुर्वेद औषधि का ही प्रयोग करता हूँ। उन्होंने सभी से आयुर्वेद पद्यति को अपनाने की अपील की। इसी प्रकार खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार राठिया ने स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुये राष्ट्रीय कार्यक्रम पल्स पोलियो को सफल बनाने की अपील भी लोगों से की।

होरा 10 को जिले के प्रवास पर

बैकुण्ठपुर, 8 फरवरी। छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष दिलीप सिंह होरा आगामी 10 फरवरी को कोरिया जिले के प्रवास पर रहेंगे। श्री होरा 10 फरवरी को सुबह दस बजे बैकुण्ठपुर पहुंचेंगे।

अपरान्ह एक बजे से जिला पंचायत कोरिया के सभाकक्ष में अल्पसंख्यक कल्याणकारी योजाओं का प्रचार-प्रसार सेमीनार की समीक्षा बैठक लेंगे। उक्त बैठक में कोरिया जिले के पुलिस अधीक्षक तथा अनुविभागीय दण्डाधिकारी राजस्व एवं जिला प्रमुखों को अपने-अपने विभाग की अल्पसंख्यकों के कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सहित उपस्थित होने को कहा गया है। उक्त बैठक के पश्चात 4 बजकर 30 मिनट पर वे भारत सरकार द्वारा संचालित उपक्रमों के प्रमुखों के साथ बैठक एवं अल्पसंख्यकों के लिए कराए गए कार्यों की समीक्षा बैठक लेंगे एवं एसईसीएल द्वारा सीएसआर के तहत कराए गए कार्यों की समीक्षा करेंगे। वे रात्रि 12 बजे रायपुर के लिए रवाना होंगे।

राशन वितरण में गड़बड़ी की शिकायत

छत्तीसगढ़ संवाददाता

चिरमिरी, 8 फरवरी। युवा इंटक के जिला सचिव तेजल नारायण सिंह ने कोरिया जिले के खाद्य अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर कोरिया कॉलरी कोआपरेटिव्ह द्वारा राशन वितरण में गड़बड़ी करने व अधिक राशि वसूल करने की शिकायत करते हुए इसकी जांच कराकर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

अपने ज्ञापन में श्री सिंह ने कहा कि कोरिया कॉलरी में संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान में एपीएल राशनकार्ड में शासन द्वारा निर्धारित दर 8.50 प्रति किलोग्राम गेहूं एवं चावल 11.50 के स्थान पर 9 रूपये प्रति किलोग्राम एवं 12 रूपये प्रति किलोग्राम चावल दिया जा रहा है इसके साथ ही हर एपीएल कार्ड पर शासन द्वारा निर्धारित 35 किलोग्राम अनाज के स्थान पर किसी को 25 किलोग्राम एवं किसी को 20 किलोग्राम अनाज प्रदान किया जा रहा है। वहीं 35 किलोग्राम अनाज की निर्धारित कीमत 357.50 के स्थान पर 380 रूपये वसूल किया जा रहा है।

इसके अलावा उक्त कोआपरेटिव्ह बीपीएल कार्डधारियों के लिए 4-5 दिन तथा एपीएल कार्डधारियों के लिए मात्र 1-2 दिन ही खुला रहता है। जिसके कारण कोरिया कॉलरी के वार्ड क्रं.- 7,8 व 9 के एपीएल व बीपीएल कार्डधारियों को राशन ही नहीं मिल पा रहा है। जिसके कारण उपरोक्त वार्ड के नागरिकों में काफी रोष व्याप्त है।

श्री सिंह ने कोरिया जिले के खाद्य अधिकारी से इस कोआपरेटिव्ह सोसायटी में हो रही धांधली की जांच करने तथा सोसायटी को पूरे माह खोलने आदेश करने की मांग की है

प्रशासन व आमजन के बीच की कड़ी होगा कॉल सेंटर

बैकुण्ठपुर, 8 फरवरी। कोरिया कलेक्टर ऋतु सैन द्वारा जिला पंचायत कोरिया में स्थापित नि:शुल्क कॉल सेंटर का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य जिले के सुदूर गांव में चल रहे विकास कार्यों के समुचित मॉनिटरिंग तथा मनरेगा एवं शासन की अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने में आमजनता को हो रही परेशानियों को दूर करना है। कोई भी आम नागरिक शासन की किसी भी योजना या अपनी समस्या को फोन के माध्यम से कॉल सेंटर के टोल फ्री नम्बर में दर्ज करा सकेगा।

इससे प्रशासन की पहुंच अंतिम व्यक्ति तक हो सकेगी। साथ ही प्रशासन में पारदर्शिता और कार्यों के क्रियान्वयन में तेजी आएगी।

नई सब्जी मण्डी में अवैध निर्माण कार्य बदस्तूर जारी प्रशासन के आदेश की अवहेलना

छत्तीसगढ़ संवाददाता

मनेन्द्रगढ़, 8 फरवरी। केन्द्र सरकार की आईडीएसएमटी योजना के तहत् पांच साल पहले मनेन्द्रगढ़ में सब्जी विक्रेताओं के लिए नई सब्जी मण्डी में गुमटियों का निर्माण कराया गया था। इस पर नगर पालिका परिषद् द्वारा राज्य परिवर्तित योजना से करीब 20 लाख रुपए खर्च किए गए थे।

नगर पालिका ने इन गुमटियों को नियमों को ताक पर रखकर कुछ दिनों पहले पुरानी सब्जी मण्डी के थोक व्यापारियों को दे दिया। इसके लिए न तो न तो प्रशासन से स्वीकृति ली गई और न ही परिषद् से जिसके बाद इन व्यापारियों द्वारा इन गुमटियों में निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया। बिना ड्राईंग डिजाइन और परिषद् की स्वीकृति के मनमर्जी से हो रहे अवैध निर्माण पर प्रशासन द्वारा रोक लगाए जाने के बावजूद निर्माण कार्य बदस्तूर जारी है।

जानकारी के अनुसार नगर पालिका परिषद् मनेन्द्रगढ़ ने शहर के मध्य शॉपिंग मॉल बनाने की योजना बनाई है, जिसके लिए नगर पालिका ने पुरानी सब्जी मण्डी का चयन किया है। पुरानी सब्जी मण्डी में पिछले 40 सालों से थोक सब्जी एवं फल व्यापारी स्थापित हैं, जिन्हें शहर के बाहर बनी नई सब्जी मण्डी में विस्थापित करने के लिए नगर पालिका ने फुटकर सब्जी बेचने वालों के लिए बनाई गई

9 गुमटियों का चयन किया। इन गुमटियों में 50 सब्जी विक्रेताओं के लिए शेड और प्लेटफॉर्म बनाए गए थे, लेकिन नगर पालिका के मौखिक निर्देश के बाद थोक व्यापारियों ने इन गुमटियों पर अपनी मर्जी से पक्का निर्माण कार्य शुरू करा दिया। कुछ गुमटियाँ तो अंदर और बाहर से देखने में किसी शो रूम की तरह दिखाई दे रही हैं। जब लोगों ने इसकी शिकायत प्रशासन से की तो एसडीएम आशुतोष पाण्डेय ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य पर रोक लगा दिया।

एसडीएम ने कहा कि इस सम्बंध में कलेक्टर कोरिया को शिकायत की गई थी कि सब्जी मण्डी में अवैध रूप से व्यापारियों द्वारा गोदाम बनाया जा रहा है, इसलिए कार्य को बंद कराया जा रहा है। इस सम्बंध में अपर कलेक्टर मनेन्द्रगढ़ का भी आदेश था कि निर्धारित ड्राइंड व डिजाइन न होने पर उसे अतिक्रमण मानकर तत्काल अतिक्रमण हटाया जाए। बताया जाता है कि प्रशासन द्वारा अवैध निर्माण कार्य पर अंकुश लगाए जाने के बावजूद नई सब्जी मण्डी में निर्माण कार्य अभी भी जारी है, बल्कि पूर्व की अपेक्षा और तीव्रता से निर्माण कार्य आरंभ कर दिए गए हैं। बहरहाल देखना यह है कि इस मामले में प्रशासन के आदेश की अवहेलना करने वाले दोषीजनों के विरूद्ध आगे किस प्रकार की कार्रवाई की जाती है?

संक्षिप्त खबरें

स्कूल गई बच्ची की संदिग्ध मौत

कोरबा, 8 फरवरी। स्कूल गई 6 वर्षीय बच्ची की संदिग्ध मौत हो गई। दीपका थाना क्षेत्रांतर्गत कृष्णा नगर में रहने वाले सिहवरी के 6 वर्षीय बच्ची आज सुबह स्कूल गई हुई थी। स्कूल में अचानक वह चक्कर खाकर गिर गई उसे स्कूल के शिक्षक व छात्र-छात्राओं द्वारा पास के स्वास्थ्य केन्द्र में ले जाया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। दीपका पुलिस मामले की विवेचना कर रही है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कृष्णानगर निवासी सिहवरी लाल के 6 वर्षीय पुत्री खिलेश्वरी आज सुबह स्कूल गई थी। स्कूल में वह पढ़ रही थी उसी दौरान वह अचानक चक्कर खाकर गिर गयी। घटना में खिलेश्वरी के सिर में गंभीर चोट लगी थी। उसे चिंताजनक हालत में पास के स्वास्थ्य केद्र में दाखिल कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मासूम बच्ची की मौत कैसे हुई यह पुलिस के लिए विवेचना का विषय बना हुआ है।

सूने मकान का ताला तोड़कर नगदी रकम की चोरी अस्पताल के सामने से बाईक पार

कोरबा, 8 फरवरी। दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने अस्पताल के सामने से मोटरसाइकिल व सूने मकान का ताला तोड़कर नगदी रकम चोरी कर मौके से फरार हो गए। जब घटना के संबंध में मालिक को जानकारी हुई तो उन्होंने नजदीक के थाना में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस दोनों मामलों में अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच आरंभ कर दी है।

पहली घटना रामपुर चौकी क्षेत्र में घटित हुई। शांति नगर निवासी नुकेश्वर जायसवाल अपनी मोटरसायकल में सवार होकर देवनाथ अस्पताल गया हुआ था। अस्पताल के जब नुकेश्वर जायसवाल वापस अपने मोटरसाइकिल के पास आया तो देखा कि उसकी मोटरसाइकिल गायब थी। यह देखकर उसके होश उड़ गए और वह आसपास के क्षेत्र में खोजबीन की गई, अंततः नहीं मिलने पर वह घटना की रिपोर्ट रामपुर चौकी में दर्ज करा दी है। दूसरी घटना रजगामार चौकी क्षेत्र में घटित हुई। ओमपुर निवासी क्वार्टर नंबर एम 79 में रहने वाले सलीम खान पिछले कई दिनों से घर से बाहर था। इसी दौरान सूनेपन का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने मकान का ताला तोड़कर घर में रखे नगदी रकम की चोरी कर ली। मकान मालिक सलीम खान ने बताया कि वह 2100 रुपए रखा हुआ था। फिलहाल अज्ञात चोरों ने केवल नगदी रकम की चोरी की है अन्य सामानों को हाथ नहीं लगाया। फिलहाल सलीम खान ने घटना की रिपोर्ट रजगामार चौकी में दर्ज करा दी है। पुलिस दोनों मामलों में चोरी का अपराध पंजीबद्ध कर अज्ञात चोरों की पतासाजी शुरू कर दी है।

कम होने लगा ठंड का प्रभाव

सोनहत, 8 फरवरी। विकासखण्ड स्तर पर विगत दो दिनों से लगातार ठण्ड का प्रभाव कम होने लगा है। ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के बाद शुरुवाती दौर में दो तीन दिवस तेज ठण्ड पड़ने के बाद अचानक ठण्ड गायब हो चली है मात्र सुबह-शाम हल्के ठण्ड का अहसास हो रहा है। ठण्ड के लगभग जाने से दुकानदार खासकर शीतल पेय वितरक अपने रेफ्रीजरेटर एवं अन्य प्रशितकों की साफ-सफाई कर चालू करने जुट गए है। घरों में पंखे, कूलर आदि को निकाल साफ कर उसे संचालित करने योग्य बनाने लोग जुट गए है। दुकानों में गर्मी कम करने के यंत्रों को बेचने हेतु व्यवस्था में जुटने लगे है।

जिला अध्यक्ष का दौरा

सोनहत, 8 फरवरी। विकासखण्ड जनपद पंचायत में जिला पंचायत अध्यक्ष चम्पा देवी का अपने व्यस्तम कार्यक्रम के अनुसार 7 फरवरी को जनपद में जनप्रतिनिधियों की बैठक लेकर पंचायत स्तर पर संचालित निर्माण कार्यों का जायजा लेते हुए प्रत्येक पंचायत में मजदूरों के लिए कार्य आवश्यक रुप से संचालित किए जाने का आग्रह किया ताकि कोई भी कामगर, मजदूर कार्य से वंचित न रह सके। खासकर रोजगार गारंटी के तहत रोजगारमूलक कार्यों के प्रांकलन जिला स्तर पर भेज स्वीकृत कराने को कहा गया । बैठक के बाद धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण कर सलगवांकला के कर्री ग्राम एवं मेण्ड्रा ग्राम पंचायतों में पहुंचकर निर्माण कार्य का अवलोकन किया। संचालित व्यस्तम कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष के साथ उपाध्यक्ष, एवं अन्य जनप्रतिनिधि साथ रहे।

बोनस राशि देने की मांग

सोनहत, 8 फरवरी। विकासखण्ड स्तर पर प्रशासन स्तर पर गरीब तेन्दूपत्ता संग्रहकों को बोनस वर्तमान शादी-ब्याह के सीजन में शीघ्र प्रदान किए जाने का आग्रह पण्डो समाज के अध्यक्ष मोहनराम ने किया है। जारी बयान में कहा है कि बोनस वितरण कार्य संबंधित प्रबंधकों द्वारा अति धीमी गति से किए जाने से कई फड़ो के संग्राहकों को बोनस नहीं मिल सका है। हालत यह है कि सलगवांकला, केवरा बहरा, अकलासरई, के अलावा अन्य ग्राम के संग्राहक गरीब बोनस नहीं पा सके है। संबंधित विभाग से बोनस कार्य में गति लाने की मांग जनहित में पण्डो समाज ने किया है।

नि:शुल्क लेंस प्रत्यारोपण 10 को

डोंगरगढ़, 8 फरवरी। श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति डोंगरगढ़ द्वारा संचालित धर्मार्थ चिकित्सालय में प्रति माह डॉ. जे एस खालसा नेत्र विशेषज्ञ धमतरी द्वारा नि:शुल्क लेंस प्रत्यारोपण किया जाता है। इसी कड़ी में 10 फरवरी को आंखों की जांच एवं 11 फरवरी को आंखों का लैंस प्रत्यारोपण किया जाएगा।ट्रस्ट के मंत्री ने बताया कि मंदिर ट्रस्ट के द्वारा नेत्र रोगियों की जांच नेत्र सहायक से करने के उपरांत नेत्र विशेषज्ञ से कराए जाते हैं कि वे नेत्र आपरेशन के योग्य है या नहीं। इसके बाद उनका ब्लड प्रेशर एवं शुगर की जांच की जाती है। पाजीटिव रिपोर्ट होने पर ऐसे मरीजों का आपरेशन नहीं किया जाता, जिन्हें पूर्व में कोई अन्य बीमारी हो।मंदिर ट्रस्ट के मंत्री ने बताया कि नेत्र मरीजों को 10 फरवरी को आना होगा और आंखों की जांच कराकर शुगर एवं ब्लड प्रेशर की जांच कराकर 11 फरवरी को नेत्र आपरेशन नेत्र विषेशज्ञ डॉ. खालसा के द्वारा किया जाएगा। एवं 12 फरवरी को मरीजों को ड्राप एवं दवाईयां देकर 7 दिन के अंदर प्रथम फालोअप कर उन्हें आपरेशन कर 40 दिन के बाद द्वितीय फालोअप के लिए बुलाया जाएगा।

जिसमें आंखों की सावधानी के संबंध में जानकारी देकर भेजा जाता है। उल्लेखनीय है कि मंदिर ट्रस्ट के द्वारा मरीज के साथी के रहने, खाने की सुविधा नि:शुल्क रहती है और 3 दिन बाद मरीजों को छोड़ा जाता है।

शीघ्र प्रतिमा अनावरण की मांग

खरसिया, 8 फरवरी। नगर में स्थापित किए गए दो महापुरूषों की प्रतिमाओं के जल्द से जल्द अनावरण की मांग नगर पालिका परिषद खरसिया के भाजपा पार्षदों एवं एल्डरमेनों ने की है।जिला भाजपा के उपाध्यक्ष एवं नगर पालिका परिषद के एल्डरमेन श्रीचंद रावलानी, एल्डरमेन विनोद कबुलपूरिया, श्रीमती मीरा रावरिया, शशी साहू, पार्षद कमल गर्ग, श्रीमती मीरा जायसवाल, श्रीमती कौशिल्या अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, अवध नारायण सोनी एवं धनसाय यादव ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को संयुक्त हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपा है जिसमें भाजपा नेताओं ने कहा है कि खरसिया नगर में पं. दिनदयाल उपाध्याय बस स्टेण्ड के पास स्थापित किये गये।

पं. दिनदयाल उपाध्याय एवं मंगल बाजार के पास शहीद हेमु कालानी की प्रतिमाएं स्थापित किये जाने का प्रस्ताव पूर्व परिषद द्वारा रखा गया था जिसके तहत वर्तमान परिषद द्वारा उपरोक्त स्थानों पर महापुरूषों की प्रतिमाएं स्थापित तो कर दी गई है परन्तु उनका विधिवत अनावरण आज तक नहीं किया गया है जो महापुरूषों की प्रतिमाओं का अपमान है। अतः जल्द से जल्द इन महापुरूषों की प्रतिमाओं का अनावरण किया जाये।